an>

Title: Further discussion on the motion of Thanks on the President's Address, moved by Smt. Meenakshi Lekhi and seconded by Smt. Harsimrat Kaur Badal.

HON. DEPUTY SPEAKER: Motion moved:

"That an Address be presented to the President in the following terms:-

> 'That the Members of the Lok Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which he has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on February 23, 2016'."

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): Sir, I think on behalf of the Prime Minister, at least, somebody should be present here. Neither Venkaiahji nor the Deputy of the Prime Minister is present here.

15.34 hours (Shri Konakalla Narayana Rao *in the Chair*)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : अगर ऐसा ही है, अगर यही ठीक है तो मैं बात करता हूं, उसमें मुझे कोई एतराज नहीं, लेकिन कम से कम आप बड़ी कल्चर की बात करते हैं और कल्चर्ड पीपुल समझे जाते हैं, अगर आपका बिहेवियर ऐसा रहा तो क्या कहना चाहिए, यह मैं आप पर छोड़ देता हूं।...(व्यवधान)

श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : वे आ जाएंगे। आप सीनियर हैं, आपको सुनने जरूर आएंगे।

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : मुझे सुनने के लिए आना जरूरी नहीं है, लेकिन इस हाउस की गरिमा रखने के लिए आना चाहिए। इस सदन की गरिमा रखने के लिए आना चाहिए,...(व्यवधान) आप सुनिये अगर आप क्वश्चन पूछने वाले हैं और अगर कोई मिनिस्टर एबसेंट रहता है तो आप चुप बैठते हैं? आप क्यों बात करते हैं, छोड़िये। ऐसा है कि अगर हम कुछ बोलें तो आप बहुत बुरा समझते हैं। यह सभी कुछ चलता है, पी.एम.ओ. हाउस से कि किसे बैठना है, किसे उठना है।

सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने का मौका दिया। यह भाषण तो पिछले साल भी ऐसा ही था। उसके चन्द प्रोग्राम्स नए-नए नाम से फिर आए हैं और उसके शब्दों को भी बदलकर सदन के सामने और जनता के सामने दिखाया गया है। पहले पेज के पैरा-2 में आपने यह बताया कि 'सबका साथ, सबका विकास।' इससे यह मालूम होता है कि आपको सबका साथ नहीं है और देश का विकास भी नहीं है।

दूसरी चीज़, जो आज मैंने देखा कि रेल बजट, जो सबसे महत्वपूर्ण बजट होता है, जब प्रभु जी रेल बजट पेश कर रहे थे और प्रभु जी जब अपने अन्दाज से अटल बिहारी वाजपेयी की कविता और फिर बच्चन साहब, जो अमिताभ बच्चन के पिता जी हैं, उनकी कविता कही और उसके बाद हमारे प्रधान मंत्री जी का जो संदेश था, आदेश था, उसका भी उन्होंने पालन करके बहुत बताया। जो-जो प्रोग्राम वे बताते थे, उसमें तालियां कम बजती थीं, प्राइम मिनिस्टर अकेले बेचारे इस तरह तीन-चार बार मेज थपथपाते थे। उसे देखकर कम से कम उनके पीछे के लोग भी ऐसा करेंगे, पर वह भी नहीं हुआ।...(व्यवधान)

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) : क्या मौनी बाबा यही करते थे?...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : अपनी ज़गह पर जाओ। ...(व्यवधान) जिसे मौनी बाबा कहते हो, वह तुम्हारे बाप हैं।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप बोलिए।

â€¦(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप लोग बैठिए।

â€¦(व्यवधान)

माननीय सभापति : रमेश जी, आप बैठिए।

â€¦(व्यवधान)

माननीय सभापति : खड़गे जी, आप बोलिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : महोदय, जब सरकार यह कहती है कि उनका मौलिक सिद्धांत 'सबका साथ, सबका विकास' है, तब इस पर मुझे बहुत शक़ हो रहा है, क्योंकि कभी-कभी मुझे ऐसा महसूस होता है कि जो वे कहते हैं, उसके तहत वे चल नहीं रहे हैं। खासकर, मैं चंद आंकड़े आपके सामने भी रखूंगा और इस एक साल नौ महीने के अन्दर उन्होंने क्या किया और उससे कितना फायदा हुआ है, यह भी मैं बताने की कोशिश करूंगा, क्योंकि अभी तक जो हुकूमत और विकास का मॉडल रहा है, इसमें किसानों का, महिलाओं का, गरीबों का, मज़दूरों का, दलितों का, कमज़ोर वर्गों का, आदिवासियों का और अल्पसंख्यकों का या विद्यार्थियों का कोई समावेश इस प्रेसिडेंट स्पीच में दिखाई नहीं देता। क्यों? मैं एक-एक करके बोलूंगा। आप मुझसे सहमत हो सकते हैं या नहीं भी हो सकते हैं। आपने अपनी बात तो रखी है। ...(व्यवधान) प्रधानमंत्री जी तो नेचुरली इस सदन के नेता हैं, उनका आना जरूरी है। यह कोई मेरे ऊपर मेहरबानी नहीं है। उनको इस सदन में आना ही है और वे इस सदन के नेता हैं और उनको जरूर रहना चाहिए। ...(व्यवधान) जो भारत को मजबूत और दूरदर्शी बनाना चाहते हैं, उसके लिए आपको अपनी सोच को थोड़ा और बदलना होगा।

एक इंडो-अफ्रीकन कार्फ्रेंस हुई थी। उस वक्त पत्रिका में एक कोटेशन प्रिंट हुआ था। एक साउथ अफ्रीका समिट हुई थी। उसमें उस वक्त एक बात लिखी गई थी कि अगर आप तेज जाना चाहते हैं तो आप अकेले चलिए, लेकिन अगर आप लंबा चलना चाहते हैं तो सबको साथ लेकर चलिए। इसीलिए भागमभागी में, दौड़मदौड़ी में बहुत सी चीजें और समस्यायें इस देश में पैदा हो रही हैं। मैं उनसे विनती करता हूं कि कई चीजें गड़बड़ी से नहीं होती हैं। उसके समाधान के लिए विचार करना चाहिए और समाधान के लिए एक्शन लेना चाहिए।

आप कहते हैं कि सरकार गरीबों की उन्नति के लिए काम कर रही है, क्योंकि तीन शब्द हमारे प्रेजीडेंट स्पीच में दिखाए गए हैं, उसमें गरीबों की उन्नति, किसानों की उन्नति, युवकों की उन्नति, ये तीन बातें उसमें बताई गई हैं। जिस उन्नति की बात आज हम कर रहे हैं, इसी के लिए जब इंदिरा गांधी जी गरीबी हटाओ की बात कर रही थीं, तो उस वक्त इस पर बहुत हंगामा हुआ। क्या हुआ, क्या गरीबी हट गई? गरीबी को हटाया लेकिन वह चली गई। उसके ऊपर बहुत बहस होती रही। आज मैं यह कहना चाहता हूं कि हर भारतीय यह सोचता है कि गरीबों को किस ढंग से स्वावलंबी बनाना, अपने पैर पर उसको खड़ा करना और एक स्वाभिमान का जीवन जीने के लिए उसकी क्या-क्या मदद करना, ये सभी कोशिश कर रहे हैं, तो उस वक्त इसका मजाक उड़ाया गया। अभी हाल ही में जब यूपीए चेयरपर्सन और डॉ. मनमोहन सिंह जी ने जो कोशिश की, चाहे वह मनरेगा स्कीम हो, फूड सिक्योरिटी एक्ट हो, मिड-डे-मील का कार्यक्रम हो, दूसरे एक्सिलरेटेड इरीगेशन प्रोग्राम्स हों और

शेडयूल्ड कास्ट, शेडयूल्ड ट्राइब्स सबप्लान में बढ़ोत्तरी देकर उनकी उन्नति के लिए जो काम किया गया, उसको भी किसी अलग ढंग से कंडेम किया गया और बहुत कुछ कहा गया। लेकिन वही बात आज फिर आ रही है। आप यह कह रहे हैं कि पहले कुछ नहीं हुआ।

मैं आपसे निवेदन करता हूं कि आपके चीफ इकॉनामिक एडवाइजर का ही कहना है कि यूपीए के समय में वर्ष 2005 और 2012 के बीच गरीबी कम होने की गति भारत के इतिहास में सबसे तेज रही है। यह पिछले दशक से दो गुना तेज थी। 15 करोड़ से भी ज्यादा लोगों को गरीबी से इन 8 सालों में हटाया गया। यह एडवाइजर ने कहा है। यह पेपर में आया, इसलिए मैं इसे कह रहा हूं। आप इसे वैरिफाई कर सकते हैं। यह बात आपके चीफ इकॉनामिक एडवाइजर के मुंह से निकलती है और आप कह रहे हैं उससे कोई फायदा नहीं हुआ। यूपीए सरकार ने कुछ नही किया। गरीबों के बारे में कुछ नहीं सोचा। उसके ऊपर बहुत टीका और टिप्पणियां करते गये। यह हकीकत है और हकीकत आपके मूंह से निकल रही है और दुनिया को पता चलना चाहिए, देश के लोगों को पता चलना चाहिए, हम सब को भी यह मालूम होना चाहिए कि जब इकोनॉमिक एडवाइजर्स यह बात कहते हैं और डॉक्टर मनमोहन सिंह जैसे नेता, जो इकोनॉमिक एक्सपर्ट हैं, वह कभी पॉलिटिक्स नहीं करते थे और पॉलिटिक्स की बात नहीं करते थे, वह सिर्फ अपने काम और काम के अनुसार ही अपने कदम रखते थे, लेकिन आज ऐसा नहीं हो रहा है।

दूसरी बात फूड सिक्योरिटी के बारे में कहना चाहता हूं। फूड सिक्योरिटी एक्ट वर्ष 2013 में आया और सारे देश में इसको लागू किया गया क्योंकि लोग भूखे न रहें। उनको कम से कम दो वक्त का खाना मिले। वे पेट भर खाना खायें, इसलिए फूड सिक्योरिटी एक्ट इस देश में लागू किया गया। मैं पूछना चाहता हूं कि इस देश के प्रधान मंत्री जी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो इस एक्ट को लागू क्यों नहीं किया गया और आज भी यह क्यों नहीं लागू है? सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा, मैं नहीं कह रहा हूं। इस महीने की पहली तारीख तक देश के सर्वोच्च न्यायालय ने गुजरात सरकार को डांटते हुये कहा कि do you want to break away from the Union of India? यह मेरे शब्द नहीं हैं।...(व्यवधान) Can a State say it cannot implement a law passed by Parliament? Are you saying you are not a part of India? What is the Government of India doing about this?

सर, अगर आपके राज्य में यह इंप्लिमेंट नहीं होता है, आप ही इसे इंप्लिमेंट नहीं करते हैं, आपके चीफ मिनिस्टर इसे इंप्लिमेंट नहीं करते हैं, तो गरीबों के बारे में आपने क्या सोचा और क्या ऐक्शन लिया है, यह मैं पूछना चाहता हूं।...(व्यवधान) गरीबी कम है? ...(व्यवधान) आपने फिर बोला, अगर मैं बोलूंगा तो आप गुस्से में आ जायेंगे।...(व्यवधान) प्रधानमंत्री जी ने खुद बोला है कि वहां की महिलायें दूध इसलिए नहीं पीती हैं कि वे अपने-आप को मोटा न दिखें, वे पतला दिखने के लिए दूध भी नहीं पीते हैं, वह खुद ही बोले थे। ...(व्यवधान) आप मेरी बात सुनिए। ...(व्यवधान) वह किसी वक्त बोलें होंगे, बात और है।...(व्यवधान) लेकिन वह बोले हैं।...(व्यवधान) यह ठीक भी है।

अगर आपके राज्य में यह इंप्लिमेंट नहीं हुआ तो दूसरे चीफ मिनिस्टर इसे कैसे इंप्लिमेंट करेंगे, दूसरे स्टेट्स इसको कैसे इंप्लिमेंट करेंगे? इसलिए मैं यह जानना चाहूंगा कि क्यों ऐसा हुआ? क्या वहां पर गरीबी नहीं है? गरीबी के रेखा के ऊपर बहुत लोग हैं। तब क्या गरीबी रेखा के नीचे का कोई प्रोग्राम वहां पर इंप्लिमेंट नहीं होना चाहिए? जब वहां के लोग इतने अमीर हैं तो कोई भी प्रोग्राम वहां पर नहीं होना चाहिए, फूड सिक्योरिटी नको, मीड-डे मील नको, सर्व शिक्षा अभियान नको, कंपलसरी एजुकेशन नको, कुछ भी नको। वह इतने सशक्त हैं कि अपने-आप कर लेंगे।

जन-धन एकाउंट्स की भी बात बहुत चली। मैं इसके संबंध में आंकड़े देता हूं। यह मुझे मालूम है कि आप अपने भाषण में इसके बारे में खूब बोलेंगे और फिर उसका समर्थन भी कर लेंगे, लेकिन मैं आपके सामने यह आंकड़े रखता हूं। 21 करोड़ बैंक एकाउंट्स खुले हैं जिनमें 32 हजार करोड़ रुपये जमा हुए हैं। शायद आप भूल गये कि यह धन सरकार का नहीं जनता का है। वर्ष 2005 में आरबीआई ने बैंको को नो-फ्रिल एकाउंट्स खोलने की शुरुआत करने का आदेश दिया था और वर्ष 2010 से फाइनैंशियल इंक्लूजन प्लान अमल में था, जिससे वर्ष 2013 से वर्ष 2016 तक एक्सटेंड किया गया और मार्च, 2014 तक 24 करोड़ 03 लाख नो-फ्रिल एकाउंट्स खुले थे। इस खाते का सरकारी नाम बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉज़िट एकाउंट था। इस बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉज़िट एकाउंट में 24 करोड़ रुपये ऑलरेडी थे। इसमें अब डुप्लीकेशन भी हो गया होगा, बाद में आप ऐसे कह सकते हैं।...(व्यवधान)

श्री निशिकान्त दुबे : 24 करोड़ के एकाउंट में कितना पैसा था, यह बता दीजिए।...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : आपका पैसा नहीं है, वह 32 हजार भी आपका नहीं है, यह 32 हजार भी आपका नहीं है।...(व्यवधान) बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉज़िट एकाउंट और यूपीए सरकार की डायरैक्ट कैश ट्रांसफर ऑफ सब्सिडी के तहत 18 करोड़ खाते खुले थे। इसके पहले बैनिफिशियरीज़ महिलाओं के सैल्फ हैल्प ग्रुप्स थे जिन्हें अब उधार लेने और ट्रांजैक्शन करने में आसानी हुई है। ऐसे कह रहे हैं जैसे पहले कुछ नहीं हुआ, सब कुछ एक साल नौ महीने में हो रहा है। अगर आप दुनिया को ऐसे गुमराह करते रहे, तो यह ज्यादा दिन तक चलने वाला नहीं और इससे कोई फायदा भी नहीं होने वाला है। 24 करोड़ 3 लाख एकाउंट्स के कंधों पर जन-धन के 21 करोड़ एकाउंट्स खोले गए। अब इन दोनों एकाउंट्स के बीच कितना डुप्लीकेशन है, उसके बारे में जानकारी होनी चाहिए। वह शायद राष्ट्रपति जी के धन्यवाद प्रस्ताव के रिप्लाई में आ जाए। 21 करोड़ एकाउंट्स में सिर्फ 53 लाख लोगों को फैसिलिटी का लाभ मिला है जिसमें सिर्फ 27 लाख का सैंक्शन हुआ था। उसमें सिर्फ 12 लाख लोग ही इस फैसिलिटी को इस्तेमाल कर पाए। कहां 21 करोड़ और लाभ 22 लाख। मैं बताना चाहता हूं कि अगर आप किसी प्रोग्राम को बहुत हाई-फाई कर देंगे और बाद में फंस जाएंगे तो उससे सरकार पर भरोसा और आप जो कहते हैं, उस पर जनता का भरोसा उठ जाता है। इसलिए इससे कोई फायदा नहीं होने वाला है। इससे मालूम होता है कि जो पहले किया है, वह करते आए हैं और वही आज करने की कोशिश कर रहे हैं।

अटल पैंशन योजना भी कोई नई चीज नहीं है। आप पेज 2, पैरा 6 देखिए --

Atal Pension Yojana supposedly aimed at ensuring pension for those with no employment security or retirement facilities seems to have run out of steam right from the start, flagged off with much publicity in June, 2015. 2 करोड़ लोगों को कवर करने का था। But it has been able to bring only about 8 per cent of the target to two crore under its ambit as of the month of January, 2016. Then, Atal Pension Yojana provisions are the exact copy of those existing in the Swavalamban Pension Scheme started by UPA in 2010 which aimed to encourage workers in the urorganised sector to save for the future.

यह स्कीम तो थी लेकिन उसे आपने बढ़ा-चढ़ाकर बोला। 2 करोड़ में से आज हार्डली 16 लाख लोगों को लाभ हुआ है। आप इसको रिअलिटी में देखिए, जमीन से देखिए, सिर्फ कहने के लिए प्रोग्राम या स्लोगन के लिए स्लोगन नहीं होना चाहिए। सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना में भी वही है। The schemes introduced by Modi Government, Modi *ji*, are actually the previous UPA Government's flagship social security programmes repackaged and re-launched to gain media attention. Aam Aadmi Beema Yojana, Rajiv Gandhi Shilpi Swasthya Beema Yojana and the Rashtriya Swasthya Beema Yojana जब मैं लेबर मिनिस्टर था तब राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए मैंने बहुत कोशिश की, सिर्फ 30 हजार रुपये में दो कार्ड मिलते थे, अगर आप इसे लेते तो सलाना किसी फैमिली में कोई भी मान्यता प्राप्त हॉस्पीटल में जाता है तो उसको फ्री में ट्रीटमेंट मिलता था, बीपीएल के लिए भी है, अन-अर्गेनाइज्ड वर्कर के लिए भी है, सफाई कर्मचारी के लिए भी था। आप जो बोलते हैं वह मैं यहां नहीं बोलूंगा, जैसा आपकी एचआरडी मिनिस्टर बोलीं, वैसा हम नहीं चाहते हैं। इन कामों को निकाल कर आपने एक किया। Ever since their launch in 2007 and 2008, the schemes benefited about five crore and forty-two lakh people under Rajiv Gandhi Shilpi Swasthya Beema Yojana.

15.57 hours (Hon. Speaker *in the Chair*)

उसके बाद 2155 करोड़ रुपये, फिर 327 करोड़ रुपये और तीसरी योजना में 4300 करोड़ रुपये डिसब्रूस्ड किये गये, इतना पैसा दिया है। इतने पैसे देने के बावजूद कोई भी स्कीम नहीं है। इस स्कीम को इकट्ठा करके अटल बिहारी वाजपेयी पेंशन स्कीम, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना को हाईलाइट करके और नया स्लोगन देकर लाया गया है। ऐसा नहीं होता है। कोयले को साबुन से धोने पर उसका कालापन नहीं जाता, कोयले को अगर आप जलाएंगे तभी सफेद होता है। ...(व्यवधान) केवल नाम देने से और नामांतर से किसी का उद्धार नहीं होने वाला है बल्कि काम होना चाहिए और आज काम करने की आवश्यकता है। मैं काम करने के लिए बोल रहा हूं।

पैरा 7 के पेज सं. 2 में प्रधानमंत्री आवास योजना का वर्णन है। इसका नाम राजीव गांधी आवास योजना, राजीव गांधी ऋण योजना के नामों को बदल कर नया नाम रखा गया। उन स्कीमों को निकालना और नया नाम देना, मैंने स्कीमों का आंकड़ा दिया, कितना खर्च हुआ, कोई कम खर्च किया होगा, कोई नहीं किया होगा लेकिन आपने तो कुछ भी खर्च नहीं किया। यह पूरे देश में लागू नहीं हुआ सिर्फ आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और वेस्ट बंगाल को थोड़ा दिया, पांच लाख घर बनाने की स्कीम थी उसमें तीन स्टेटों में थोड़ा बहुत क्रियान्वयन हुआ, 60औ इम्पलिमेंट हुआ है और 40औ बाकी है यानि इम्पलिमेंट नहीं हुआ। मैं वाद-विवाद में नहीं जाना चाहता हूं। बाबा साहब अम्बेडकर का नाम बहुत लिया जाता है, लेना भी चाहिए लेकिन जो उनकी आइडिआलोजी थी, उसको अनुष्ठान में

लाने के लिए आपने क्या योजना बनाई, वह बहुत ही महत्वपूर्ण है।

16.00 hours

अब एसीपी अमाउंट है। शैडयूल कास्ट्स के लिए सब प्लान होना चाहिए। पापुलेशन के हिसाब से उन्हें बजट का एलॉटमैंट होना चाहिए। क्या आप कर रहे हैं? आप अम्बेडकर की 125वीं सालगिरह मना रहे हैं, जन्मदिन मना रहे हैं। आपने कर्नाटक में स्पेशल कम्पोनेंट एक्ट बना दिया। इससे पहले आंध्र प्रदेश में भी किया। जब आंध्र और तेलंगाना दोनों एक थे, तब उन्होंने सबसे पहले स्पेशल कम्पोनेंट एक्ट बनाया। उसके बाद कर्नाटक में यह एक्ट बना। इसमें उनका जितना भी पैसा रहता है, एलॉटमैंट रहता है, वह कभी लैप्स नहीं होगा और वह बैकलॉग वैसे ही खर्च किया जायेगा। अगर आप इन लोगों की मदद करना, बाबा साहब अम्बेडकर को याद करना और उनके कार्यक्रम का अनुष्ठान करना चाहते हैं, तो आप स्पेशल कम्पोनेंट एक्ट लाइये और बताइये कि हम उनके लिए यह कार्यक्रम कर रहे हैं और हमने यह किया। अगर आप सभी जनरल स्कीम्स में कुछ बोलकर बैठेंगे, तो उससे कोई फायदा नहीं होगा। इससे सिर्फ बाबा साहब अम्बेडकर का नाम चलता रहेगा। जब-जब इलैक्शन आते रहेंगे तब तब यह काम सभी लोग करते रहेंगे।

महोदया, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि आप प्रभावशाली प्राइम मिनिस्टर हैं और अपनी पार्टी के बड़े नेता भी हैं। ...(व्यवधान) मैं अपने लिए न कहकर आपके लिए बोल रहा हूं।...(व्यवधान) मैं कहना चाहता हूं कि राजीव गांधी जी ने 73rd और 74th अमेंडमैंट लाकर सत्ता का विकेन्द्रीकरण करने का फैसला किया और महिलाओं, दलितों आदि सबको रोस्टर सिस्टम से चेयरमैन बनाने और चुनाव में ओबीसी, शैडयूल कास्ट्स/ शैडयूल ट्राइब्स को रिजर्वेशन देकर उन्हें कांस्टीट्यूशनल राइट्स दिये गये। लेकिन आज राजस्थान में क्या हुआ? संविधान यह कहता है कि सबको एक ही वोट का अधिकार है, यानी वन मैन, वन वोट। उसकी वैल्यू उतनी ही है। किसी एमएलए, एमपी, मिनिस्टर और प्राइम मिनिस्टर को एजुकेशनल क्वालीफिकेशन की जरूरत नहीं है, लेकिन राजस्थान और हरियाणा के चीफ मिनिस्टर्स, जिनके सिर पर हाथ रखकर आपने चीफ मिनिस्टर बनाया, उन्होंने एजुकेशन की ऐसी कंडीशन डाली है कि अगर वहां पर चेयरमैन बनना है तो मैट्रिक या ऐट्थ क्लास पास होना चाहिए। इस देश में 50 फीसदी से ज्यादा महिलाएं पढ़ी-लिखी नहीं हैं, वे अनपढ़ हैं। ...(व्यवधान) पंचायत एक्ट में अमेंडमैंट करके आप उसकी आड़ में यह नहीं कह सकते कि सुप्रीम कोर्ट ने अपहेल्ड किया, इसलिए हम महिलाओं को इस अधिकार से दूर रखेंगे। आपने गरीबों, शैडयूल कास्ट्स, महिलाओं आदि को इस अधिकर से दूर रखने के लिए यह कानून बनाया है। ...(व्यवधान) इससे यह मालूम होता है कि आपकी आइडियोलॉजी क्या है? आप उसे इम्प्लीमैंट करने के बारे में सोचिए। ...(व्यवधान) एक एमएलए, एमपी, प्राइम मिनिस्टर और चीफ मिनिस्टर के लिए एजुकेशनल क्वालिफिकेशन की जरूरत नही है, तो फिर यह क्वालीफिकेशन चेयरमैन या मैम्बर के लिए कैसे हो सकती है? आप हमें इस बारे में बताइये। अगर यह न्याय है, तो मैं मानता हूं। यह कहां हुआ? बीजेपी के चीफ मिनिस्टर्स जहां हैं, उन दो जगहों पर इन्होंने किया। अगर ऐसे विचारों को आप प्रोत्साहन देते गए और ऐसे नेताओं का और मजबूत करते गए तो इस देश में गरीबों को जो पोलिटिकल पावर संविधान के तहत मिली है, उसे इनडायरेक्टली छीन रहे हैं, उनकी पावर इनडायरेक्टली छीन रहे हैं।...(व्यवधान) इससे मालूम होता है कि आपकी नीयत क्या है। नीति और नियत में फर्क है, यही मैं आपको बताना चाहता हूं।

महोदया, इसमें एससीएसटी एट्रॉसिटीज़ एक्ट का जिक्र है, ठीक है इसे लाया गया है। आपने लैप्स क्यों किया? हम एससीएसटी एक्ट ऑर्डिनेंस के तहत इनको मजबूत बनाने के लिए लाए थे, आपने लैप्स करके परसों यानी डेढ़ साल बाद पास करवाया। इससे यह मालूम होता है कि हर चीज में कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं। इससे यही मालूम होता है कि आप नहीं चाहते कि ये लोग मजबूत बनें और अपने पैरों पर खड़े हों। यह भी कब हुआ? क्यों आया? श्रीमती सोनिया गांधी जी को दो बार लैटर टू रिमाइंडर करके लिखना पड़ा कि ऐसा एक्ट हम लाए थे, वह आर्डिनेंस लैप्स हो गया, कृपया करके इसे लाइए। इसे दो बार लिखना पड़ा और बाद में यह पास होकर आया है। आप इसका क्रेडिट ले रहे हैं, लीजिए। लेकिन मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं, आप जो चाहते हैं, कहते हैं वह होता नहीं है, आप वह नहीं कर रहे और इसी वजह से हम जनता को बताते हैं, बताना हमारा फर्ज है कि जो चीजें ये कहते हैं, करते नहीं हैं।

महोदया, अब मैं किसानों की बात कहना चाहता हूं। किसानों के बारे में माननीय प्रधानमंत्री जी ने बहुत बड़ी सभा की, उसमें फीते गांठे ऐसे लैक्चर दे रहे थे कि छत्तीसगढ़ के सारे किसानों की समस्या हल हो गई। ...(व्यवधान) मैं उनको बताना चाहता हूं कि 2014-15 में कृषि विकास दर नेगेटिव था, 0.2 परसेंट था। पिछले वर्ष में 3.7 था, यह डाउन हो गया। क्यों डाउन हो गया? इसके बाद कृषि उत्पादन 4.9 था जो नीचे गिरकर अब 0.5 पर आ गया। किसानों की बात कहते हैं जबकि किसानों का प्रोडक्शन कम हो रहा है, किसानों की पैदावार कम हो रही है। इनके बारे में आप कुछ भी नहीं सोच रहे हैं। 3228 किसानों ने आत्महत्या की है, मजे की बात है, बीजेपी के सपोर्टर गोपाल शेट्टी जी ने महाराष्ट्र में क्या कहा, उन्होंने कह दिया कि एक फैशन बन चुका है, किसानों में आत्महत्या करना एक फैशन बन चुका है।...(व्यवधान) यह सभी पेपर में आया हुआ है, उन्होंने डिनाई नहीं किया है।...(व्यवधान)

SHRI GOPAL SHETTY (MUMBAI NORTH): Hon. Speaker, I have denied it. ...(*Interruptions*) आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं धन्यवाद करता हूं। मैंने इसका डिनाई किया है। मैंने सभी मीडिया के लोगों को नोटिस डिफेमेशन केस के बारे में दिया है। किसानों को पैसा बांटने में हर राज्य में स्पर्धा हो रही है, मैंने कम्पीटिशन ट्रैंड की बात कही है। मैंने किसानों के बारे में बिल्कुल नहीं कहा है।...(व्यवधान) मैंने किसानों के बारे में कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री जलयुक्त शिवार योजना के माध्यम से काम कर रहे हैं, काम करने से ही किसानों की आत्महत्या रुकेगी, पैसा बांटने से नहीं रुकेगी, मैंने यह कहा है। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत धन्यवाद।

श्री राजीव सातव (हिंगोली) : उन्होंने चैनल पर कहा है कि स्लिप ऑफ टंग हुई है और इन्होंने चैनल पर आकर माफी मांगी हुई है।

श्री गोपाल शेट्टी : मैंने फैशन नहीं कहा है।...(व्यवधान) मैंने ट्रेंड कहा है, कम्पीटीशन भी कहा है। हां, मैंने बोला है और मैंने डीफेमेशन का केस भी किया है।...(व्यवधान)

श्री राजीव सातव: शेट्टी जी, आपने किसानों की आत्महत्या को फैशन बोला है।...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : यानी आपके आजू बाजू यदि ऐसे नेता लोग रहें तो आपकी गाड़ी, आपका प्रोग्राम कहां तक चलेगा?...(व्यवधान) कोई ऐसे कहता है, कोई बोलता है कि गोली मार दो, कोई कहता है कि किसी को जान से मार दो।...(व्यवधान) ये सभी चीजें आपके वहां से निकलती हैं। ऐसी बातें जब वहां से निकलती हैं तो सदन में नेचुरली हंगामा होता है और सदन में जब हंगामा होता है तो डिसरप्शन होता है और जब डिसरप्शन होता है तो आप कहते हैं कि कांग्रेस के लोग हमेशा डिसरप्शन करते हैं।...(व्यवधान) ये जो चीजें हैं, यह सब जो हो रहा है, अध्यक्ष जी, मैं आपसे विनती करता हूं क्योंकि मैं कल भी नहीं बोला, परसों भी नहीं बोला। हालांकि मेरा कल बोलने का था लेकिन तब भी मैंने कल नहीं बोला। मैं आपके सामने आंकड़े भी देता हूं। ये आंकड़े मेरे नहीं हैं, ये भी आपके पास से ही आए हैं।

> "In a stark reflection of the continuing distress in rural India, the number of suicides by farmers and farm labourers increased five per cent at 12,360 in 2014 against 11,772 in the previous year, showed a report by the National Crime Records Bureau."

इसमें 5650 किसान और 6710 एग्रीकल्चरल लेबरर्स हैं। आप एमएसपी डिक्रीज कर रहे हैं। ...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Khargeji, please be brief. You have already taken 45 minutes.

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : ये सब बातें बोल बोलकर तो आप हुकूमत में आए हैं। फिर वही बात बोल रहे हैं लेकिन आप इंप्रूव नहीं कर रहे हैं। उससे भी खराब सिचुएशन आपने क्रिएट की है।...(व्यवधान) मैं सदन को यह बताना चाहता हूं। नेशनल क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो के ये आंकड़े हैं। मेरे नहीं हैं।

इसके बाद आप किसानों की बात करते हैं लेकिन आपने किसानों को कितना मिनिमम सपोर्ट प्राइस दिया? आपने गेहूं, पल्सेज, पैडी, तूर को कितना दिया? मैं आपको सिर्फ चार-पांच बताना चाहता हूं। देसी कपास और अमेरिकन कपास- जब 2012-13, 2013-14 में जब सौ रुपये एमएसपी में इंक्रीज हमने की थी यानी 3600 से 3700 किया गया था और 3900 से 4000 किया गया था लेकिन आपके जमाने में देसी कपास को वर्ष 2014-15 और 2015-16 में सिर्फ 50 रुपये दिया गया। फिर उसके बाद अमेरिकन कपास को 50 रुपये किया गया। ...(व्यवधान) फिस् उसके बाद तूर को सिर्फ 75 रुपये किया गया जबकि हमारे जमाने में 450 रुपये किया गया। उसके बाद मूंग को सौ रुपये हमने दिया और आपने सिर्फ 50 रुपये दिया। फिर मक्के को हमने 135 रुपये दिया और आपने सिर्फ 15 रुपये दिया।...(व्यवधान) बाजरा को हमने 75 रुपये दिया, आपने 25 रुपये दिया। हमने सोयाबीन को 320 रुपये और काली सोयाबीन को 300 रुपये दिया तो वहीं आपने सिर्फ 40 रुपये दिया। तो ये किसान विरोधी नीति नहीं है तो क्या है?

महोदया, आप बताएं कि क्या यह किसान विरोधी नीति नहीं है? आप बोलिए, मैं आपकी बात सुनता हूं। ये आंकड़े मेरे नहीं हैं, आप देख सकते हैं कि आज किसानों की क्या हालत है।

माननीय अध्यक्ष : खड़गे जी, आप अपनी बात पूरा करने के लिए कितना समय चाहते हैं। आप करीब एक घंटे से बोल रहे हैं। आपकी पार्टी के दूसरे सदस्यों को बोलने के लिए समय नहीं मिल पाएगा।

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : महोदया, अगर आप मेरी पार्टी के दूसरे सदस्यों को बोलने के लिए समय नहीं देंगी, तो मैं अपनी बात यहीं समाप्त करता हूं।

माननीय अध्यक्ष : यह बात आप देखिए क्योंकि आपकी पार्टी को बोलने के लिए एक घंटे का समय दिया गया है।

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : किसानों को सिंचाई की जरूरत होती है और इसके लिए आपने नए-नए प्रोग्राम भी बनाए हैं। पेज-4 के पैरा-14 में इरिगेशन के बारे में आपने कहा कि "जल संचय फॉर जल सिंचन" और "मोर क्रॉप पर ड्रॉप" आपका स्लोगन है लेकिन यूपीए सरकार ने जो एक्सलेरेटिड इरिगेशन बेनिफिट प्रोग्राम बनाया था और उससे हर राज्य में जहां कहीं भी तालाब हों, चैक डैम्स हों, रेस्टोरेशन, रिपेयर हो और इनके लिए अगर पैसे की कमी होती है तो ठीक बात नहीं है। हम इसे एआईबीपी स्कीम में लाकर कर करोड़ों रुपए देते थे। पिछली सरकार इस मद के लिए 12 हजार से 16 हजार करोड़ रुपए तक देती थी। इस पैसे को कम करके आपने दो हजार करोड़, ढाई हजार करोड़ रुपए बना दिया। किसानों के हित के प्रोग्राम्स में कटौती की गई है। एमएसपी काट दिया है, एआईबीपी में इरिगेशन में कटौती की है और आप कह रहे हैं कि "मोर ड्राप पर क्राप। " आप इरिगेशन को महत्व नहीं दे रहे हैं और प्लानिंग कमिशन को हटा कर नीति आयोग बना दिया है। नीति आयोग क्या काम कर रहा है, यह हमें समझ नहीं आ रहा है। ड्रिप इरिगेशन को भी जितना पैसा देना चाहिए था, नहीं दिया गया है और सब्सिडी भी कम कर दी है। जो प्रोग्राम्स किसानों के हित में हैं, उनमें कटौती क्यों की गई है? आपने एससीपी में एमाउंट कम कर दिया है। सोशल सैक्टर में भी एमाउंट कम कर दिया है। आपने रेट बढ़ाए भी हैं लेकिन कारपोरेट टैक्स को पांच परसेंट कम किया गया है। उन्हें इससे 80 हजार करोड़ रुपयों का फायदा होता है और चार साल में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपयों का फायदा मिलेगा और हमें 80 हजार करोड़ रुपए कम करने से कम से कम चार लाख करोड़ रुपयों का घाटा होता है।

महोदया, मैं कहना चाहता हूं कि ये सभी किसान विरोधी चीजें हैं। फर्टिलाइजर नीम कोटिड स्कीम लाए हैं। यूपीए सरकार में यह स्कीम वÂर्ष 2007-08 में लागू की गई थी। मुझे कई प्रोग्राम्स देखकर हंसी आती है क्योंकि सिर्फ नाम बदल दिए हैं। मनरेगा के लिए प्रधानमंत्री जी को उस समय नहीं उड़ाना चाहिए था लेकिन उस समय उन्होंने क्या समझा, यह मुझे नहीं पता है। उनकी आदत है कि विपक्ष को ह्यूमिलेट करके बात करूंगा तो बहुत बड़ा बन जाऊंगा, ऐसी उनकी सोच होगी लेकिन उनकी सोच गलत है। मनरेगा प्रोग्राम किसानों को, मजदूरों को अपना पेट भरने के लिए और साल में कम से कम सौ दिन काम मिले इसलिए बनाया गया था और आपने कहा कि मैं इसे कभी नहीं रोकूंगा और जिंदा रखूंगा क्योंकि आपने यह काम साठ सालों में किया है, यह आपका स्मारक है। ऐसी बातें कहकर आप उन गरीबों का मजाक उड़ा रहे हैं, ऐसा कहकर इस स्कीम का मजाक उड़ा रहे हैं। ...(व्यवधान) यह ठीक नहीं है। ...(व्यवधान) अगर आप चाहते हैं, तो दूसरा स्कीम लाइए, लेकिन मनरेगा को पूरे वर्ल्ड में एप्रीसिएट किया गया है, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना को पूरे वर्ल्ड में एप्रीसिएट किया गया है, फुड सिक्योरिटी ऐक्ट को पूरे वर्ल्ड में एप्रीसिएट किया गया है और राइट टू एजुकेशन ऐक्ट (आरटीई) को पूरे वर्ल्ड में एप्रीसिएट किया गया है। जब मैं खुद जी-20 समिट में गया था तो सारे लोग इन प्रोग्राम्स को देखते थे। यहाँ तक कि ब्राजील के लोग इन कार्यक्रमों को इम्प्लीमेंट करने के लिए आपके पास आए, इवन साउथ अफ्रीका के लोग, अफ्रीकन कंट्री के लोग इन प्रोग्राम्स को देखकर खुश हैं और वे चाहते हैं कि ऐसे प्रोग्राम इम्प्लीमेंट हों। वर्ल्ड बैंक कहता है कि इसकी वजह से इपूवमेंट हुआ है, वर्ल्ड हेल्थ आर्गनाइजेशन कहता है कि इनकी वजह से इंप्रूव हुआ है। ...(व्यवधान) यदि यह स्कीम गरीबों के लिए है तो आपको यह कहना नहीं चाहिए था, लेकिन आपने क्यों कहा यह मुझे नहीं मालूम हुआ। इससे यही मालूम होता है कि आरएसएस का बहुत भारी प्रभाव है। यह एक प्राइम मिनिस्टर के लिए अच्छा नहीं है। यह बीजेपी के एक वर्कर के लिए ठीक होगा या प्रचारक के लिए ठीक होगा, लेकिन इस देश के प्राइम मिनिस्टर के लिए यह ठीक नहीं है। हर बीमारी में अलग-अलग मेडिसीन लेना चाहिए। लेकिन बीमारी अनेक हैं और दवा एक ले रहे हैं। ...(व्यवधान) इसीलिए आरएसएस के पास यह दवा नहीं है क्योंकि उन्होंने हमेशा इसके बारे में, कभी गरीबों के बारे में नहीं सोचा। ...(व्यवधान)

आपने भ्रष्टाचार की इतनी बात कही ताकि वह दुनिया के युवकों में एक ऐसा भ्रम पैदा करे, जो काला धन है, वह सौ दिनों में वापस आ रहा है। सब लोगों की जेब में 15-15 लाख रुपये जा रहे हैं। वे कहाँ हैं? सौ दिन बीत गये, अब 650 दिन हो गये। मैंने गिना है। लेकिन एक पैसा भी नहीं आया है। आप कहना भी नहीं छोड़ रहे हैं। आप कहीं भी जाते हैं, तो आप पहले कहते हैं- भाइयो और बहनों! इतना काला धन बाहर है, इसे मैं लाऊँगा और सबको दूँगा। वह कहाँ है? यदि उधर कुछ दिये तो मुझे मालूम नहीं, लेकिन इधर तो नहीं आया। ...(व्यवधान)

जहाँ तक बैंक लोन की बात है, तो चार लाख करोड़ रुपये का बैंक लोन आज बड़े-बड़े लोगों के पास बकाया है। ...(व्यवधान) स्टेट बैंक मेरा भी नहीं है और आपका भी नहीं है, रिज़र्व बैंक मेरा नहीं है और आपका भी नहीं है। ...(व्यवधान) इसे रिकवर करने की जरूरत है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : No cross talking. प्लीज आप लोग बैठिए।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सलीम साहब आप चिन्ता मत कीजिए, वे सब सक्षम हैं।

â€¦(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : आप सुनिए, वे ऋण इसलिए माफ किये गये ...(व्यवधान) यूपीए गवर्नमेंट ने किसानों के 72 हजार करोड़ रुपये ऋण माफ किया। जब कारपोरेट गवर्नमेंट आयी तो उनका माफ करना जरूरी था। इसीलिए उन्होंने माफ किया।...(व्यवधान) इसलिए अपने दोस्तों की उन्होंने यह बात की। ...(व्यवधान)

यह जो इंडिया-अफ्रीका समिट हुआ, वह इतना बड़ा समिट हुआ, उसमें सारे देश के नेता लोग और डिग्नीटरीज आये थे। पंडित जवाहर लाल नेहरू जी का नाम लेकर वहां पर, मैंने सात या आठ लोगों के बारे में पढ़ा कि उन्होंने जो कोशिश इस इंडिया-अफ्रीका समिट के लिए की थी, उसका एक जिक्र नहीं हुआ। हमारे फॉर्मर प्राइम मिनिस्टर ने इसके लिए कोशिश की, यह बात दूसरे देशों के लोग कहते हैं, लेकिन इस देश के प्रधानमंत्री जी उनका नाम भी लेना मुनासिब नहीं समझते हैं। यह क्या है? यह ब्रेट्रेडनेस है। अगर ऐसा ब्रेट्रेडनेस का वातावरण पैदा करेंगे तो देश में ऐसा ही चलेगा। जो किया है, किया है, जो नहीं किया है, उसे मान लेंगे। पंडित जवाहर लाल नेहरू जी का इस समिट को बनाने में बहुत बड़ा हाथ था, लेकिन आपने उनका नाम भी नहीं लिया, उनके बारे में वहां जो प्रेसिडेंट और प्राइम मिनिस्टर थे, उन्होंने जो बोला, उसका आपने समर्थन भी नहीं किया। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि आपके बोलने से या न बोलने से कोई इतिहास बदलने वाला नहीं है। इतिहास तो रहेगा और इतिहास सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। किसी का नाम न लेने से वह मिट जाएगा, अगर ऐसा कोई सोचता है तो वह गलत है, कभी ऐसा नहीं होता।...(व्यवधान)

श्री रमेश बिधूड़ी : सावरकर जी की पत्रिका हटाई थी आप लोगों ने, उसे याद कीजिए।...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: गोडसे का लगा रहे हैं न।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : खडगे जी, अब अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : मैडम, कांग्रेस पार्टी देश की सिक्योरिटी फोर्सेज को सलामी देती है और बधाई देती है जिन्होंने बार-बार हर मोर्चे पर दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया, चाहे वह पठानकोट हो, सियाचिन हो या अभी हाल में कश्मीर में टेररिस्ट हमला हो। सरकार बार-बार क्रॉस बॉर्डर टेररिज्म रोकने के लिए अपना ठोस और प्रभावशाली कदम उठाने की बात करती है, लेकिन सरकार के पास न कोई मजबूत नीति है, न कोई मजबूत कदम अब तक उठाया गया है। इससे हर जगह एक भय का वातावरण बन रहा है। आज पाकिस्तान को कौन सपोर्ट कर रहा है? पहले आपने भी सुना होगा, अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ-16 फाइटर विमान देने का वायदा किया है। प्रधानमंत्री जी आप हमेशा टेलीफोन पर ओबामा जी के साथ गपशप करते हैं, ऐसी बात मन की बात में आई थी। ...(व्यवधान) बराक ओबामा के साथ आप गपशप करते हैं, मन की बात...(व्यवधान) क्या कहते हैं, उसके लिए सुनना पड़ता है, बोलने के लिए भी सुनना पड़ता है। अब आप कम से कम उनसे टेलीफोन पर बात कीजिए और पाकिस्तान को एफ-16 फाइटर विमान क्यों दे रहे हैं, उसकी क्या वजह है, क्या कारण है, उनसे पता कर लीजिए और हमें बता दीजिए क्योंकि सदन को भी मालूम होना चाहिए। ...(व्यवधान) ये उनके मित्र हैं, टेलीफोन पर बात करते हैं। अब भी अगर आप हॉट लाइन पर उनसे बात करके हमें बता देते हैं तो ठीक रहेगा और जनता को भी यह मालूम हो सकेगा। यह बड़ी अच्छी बात है कि सरकार ने यूपीए के सभी कार्यक्रमों को अपना लिया है, दूसरे-दूसरे नामों से। परन्तु सरकार का हर काम प्रधानमंत्री के चारों तरफ घूमता हुआ नजर आ रहा है। हमारी हर

योजना के पीछे अब नाम देने में शायद वे झिझक रहे हैं, आज एक नाम आया है रेलवे का, दीनदयाल उपाध्याय जी के नाम से कुछ हुआ है, कोच के लिए।... (व्यवधान) मैं आपको आठ प्रोग्राम बताता हूं- प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री निजी क्षेत्र कल्याण योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, यह योजना पहले भी थी। प्रधान मंत्री के नाम पर अभी आठ योजनाएं बनाई गई हैं और भी आगे आएंगी। यह सब पहले के कार्यक्रमों को मिटाने के लिए और भुलाने के लिए किया जा रहा है।

अध्यक्ष महोदया, अभी मैं और भी बातें कहना चाहता था, लेकिन आप इजाजत नहीं दे रही हैं। इसलिए मैं एक-दो बातें कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा।

माननीय अध्यक्ष: आपकी पार्टी से बाकी सदस्य भी बोलेंगे।

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि ये जो कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं इस सरकार द्वारा, ये पुराने कार्यक्रमों को नया नाम देकर चला रहे हैं। मैं इस मौके पर इतना ही कहना चाहता हूं○:○:-

तुमने चाहा ही नहीं, वरना हालात बदल सकते थे,

तेरे आंसू मेरी आंखों से निकल सकते थे।

तुम ठहरे झील के पानी की तरह,

दरिया बनते तो बहुत दूर निकल सकते थे।

लेकिन छोटा दिल होने की वजह से देश का विकास नहीं होता और जब तक सबको साथ नहीं लेंगे, विपक्षी दलों को साथ नहीं रखेंगे, उनकी सलाह नहीं लेंगे, तो प्रगति होने वाली नहीं है। बार-बार बाहर जाकर यह कहना कि विपक्षी पार्टीज डिस्टर्ब कर रही हैं, वे ही जिम्मेदार हैं, प्रगति में बाधा डाल रहे हैं। ऐसी बातें कहने से बात नहीं बनती है। बात उससे बनती है जहां सहमति होती है, जहां हम मिलकर काम कर सकते हैं, जरूर करेंगे। लेकिन अपनी ही बातों को रखकर आप दूसरों से मनवाने की कोशिश करें, तो यह नहीं होने वाला है। हमारी बात आपको सुननी चाहिए और देशहित में अगर ठीक बात है तो हम भी सुनेंगे। हम कभी भी गड़बड़ करके असहयोग नहीं करते हैं, हमेशा कॉपरेशन करते आए हैं। आप दो दिन से देख रहे हैं कि हम सहयोग कर रहे हैं, लेकिन प्राइम मिनिस्टर यह बात छोड़ देते हैं। वह बाहर जाकर कहते हैं कि डिसरप्शन विपक्षी दल, खासकर कांग्रेस पार्टी कर रही है। कांग्रेस पार्टी डिस्टर्ब करती है, कांग्रेस पार्टी डेमेक्रेटिकली सपोर्ट नहीं करती है। ये चीजें बाहर कहकर जो भ्रम पैदा किया जा रहा है, यह ठीक बात नहीं

है। हम डेमोक्रेसी को चाहते हैं, हम संविधान को चाहते हैं। संविधान के मुताबिक ही हम चलना चाहते हैं और आपको भी उसके अनुसार चलाना चाहते हैं। इसलिए कि संविधान बाहर का नहीं है, यह सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ लोकतंत्र के लिए है। हमारे अपने-अपने घरों में पूजा-पाठ के लिए अलग-अलग ग्रंथ हो सकते हैं, लेकिन इस देश के 125 लोगों के लिए संविधान ही एक ऐसा ग्रंथ है, जो सबके हित में है। उसकी हिफाजत करो, उसे ले चलो, सभी लोग साथ आते हैं। लेकिन आप उसे अलग छोड़कर सिर्फ आर.एस.एस. के साथ चलेंगे तो देश बर्बाद होगा, इतना ही कहकर मैं धन्यवाद देता हूं और अपनी बात समाप्त करता हूं।

शहरी विकास मंत्री, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री एम. वैंकैय्या नायडू) : अध्यक्ष जी, मैंने सोचा कि हमारे वरिष्ठ नेता श्री खड़गे जी कुछ अच्छे शब्द बोलकर अपनी बात समाप्त करेंगे। वह एक घंटा बोले। अंत में हमें श्राप दिया कि सर्वनाश होगा। कांग्रेस के पास श्राप देने की वह शक्ति या क्षमता ही नहीं है, वह नैतिक अधिकार भी नहीं है। कारण यह है कि उन्होंने देश में जो भी हुआ है, उसके लिए वह जिम्मेदार हैं। उन्हें भी यह बात मालूम है और देशवासियों को भी मालूम है।

मुझे एक विषय पर प्रसन्नता है कि उन्होंने अंत में उन्होंने कहा, हमारी सरकार आने के बाद इतने सत्र जो हुए, काफी दिनों के बाद, इस सत्र में दो दिन से हम समर्थन कर रहे हैं और संसद चल रही है। यह अच्छी बात है। बाहर जाना, वाकआउट करना, उनका अधिकार है, उस पर हमें कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने टाकआउट किया, फिर वाकआउट किया, वह अच्छा है। कम से कम दो दिन ब्रेकआउट नहीं किया, इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं। लोकतंत्र को कायम रखने के लिए उन्होंने अपनी ओर से मदद की, इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। वह कह रहे थे कि बीमारी है तो सही दवा लेनी चाहिए। मैं कहना चाहता हूं कि बीमारी है ही नहीं। हमारे प्रधान मंत्री जी को भी कोई बीमारी नहीं है और हमारी पार्टी को भी कोई बीमारी नहीं है। इसलिए दवा लेने का सवाल कहां से आता है। बीमारी है आप लोगों को। इतने साल से जो बीमारी है, यह बीमारी...(व्यवधान)

प्रो. सौगत राय (दमदम) : आपको इनटॉलरेंस की बीमारी है।...(व्यवधान)

श्री रमेश बिधूड़ी : सौगत राय जी, कुछ सदन की मर्यादा का ध्यान रखिए।

SHRI M. VENKAIAH NAIDU : That is our problem. ...(*Interruptions*) You think that country means only your Party. ...(*Interruptions*)

He also read some names. I thought that he is reading some names where people will be really surprised, and he read the names of some 7-8 schemes. Out of hundreds and thousands of schemes in the country of the Central Government and the State Governments, some 8 schemes are named after the Prime Minister. ...(*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: Madam, is he going to speak now? ...(*Interruptions*) What he wants to do? Madam, if you are allowing him to speak ...(*Interruptions*) Every time, he cannot get up and talk. ...(*Interruptions*)

SHRI M. VENKAIAH NAIDU : I am intervening. ...(*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: Yesterday also he talked and today also he is talking. What is this?...(*Interruptions*)

SHRI M. VENKAIAH NAIDU : Shri Mallikarjun Kharge, why are you getting disturbed? ...(*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: Then, I have to reply. ...(*Interruptions*) I am giving proof of what your RSS and Shri Bhagwat have said in Madhya Pradesh and Kolkata. ...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Shri Kharge, he is intervening.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: He has every right to intervene.

...(*Interruptions*)

SHRI M. VENKAIAH NAIDU : Shri Bhagwat is the most patriotic and nationalistic Leader and we all are proud of him. Do not worry about him. ...(*Interruptions*) The august House is discussing ...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Please sit down.

...(*Interruptions*)

SHRI M. VENKAIAH NAIDU : We need not read here what all your Congress Leaders have said outside. Should I read it here? ...(*Interruptions*) It is not the issue. The issue is what the President's Address says; what this Government has done; and what the earlier Government has failed to do. This is the issue that we are discussing. For the sake of mentioning, 8 schemes named after the Prime Minister of India were mentioned. Madam, recently there was a book published and in that it is written that 618 schemes of the Government of India were named after one family. ...(*Interruptions*) Are you worried? ...(*Interruptions*) It is not Narendra Modi. The Prime Minister is an institution of India. I do not know why anybody has any objection about the name of the Prime Minister, and it is not even a name also. It is the institution of the Prime Minister. I would very politely like to tell him that in their anxiety to just portray a negative picture we should not get into such points where you do not have a point at all.

Madam, the nation and the direction in which our great country is moving further with the efforts of the Government led by our Prime Minister, Shri Narendra Modi, is there before everybody and everybody could see it. Some people are saying that हमने सब कुछ किया है। एक तरफ कह रहे हैं कि सब कुछ हो गया है, दूसरी तरफ कह रहे हैं कि उस स्टेट असेम्बली में आप यह कानून लाए हैं। उस स्टेट असेम्बली में बोलना चाहिए था, लेकिन वहां नहीं बोले। उसके बाद कोर्ट गए। स्टेट असेम्बली ने कानून पारित किया था, उस पर बाद में उन्होंने स्टेम्प लगवायी। वहां नहीं बोले, लेकिन यहां कह रहे हैं कि अनपढ़ लोग ज्यादा हैं, गरीब लोग ज्यादा हैं। गरीबों को वंचित कर रहे हैं। एक तरफ कह रहे हैं कि हमने सब कुछ कर दिया, सब कुछ हो गया। सभी को न्याय दिया है, आदिवासियों के लिए हो गया है, हरिजन के लिए हो गया है, दलित के लिए हो गया है, किसानों के लिए हो गया है, सब का भला हो गया है, वहीं दूसरी तरफ कह रहे हैं कि वंचित कर रहे हैं। यह दोनों साथ-साथ कैसे हो सकता है? आपके जमाने में सब कुछ हो गया है, सब शिक्षित हो गए हैं। हमें आए हुए केवल 18 महीने हुए हैं। क्या 18 महीने में सब लोग अनपढ़ हो गए हैं? जो लोग पहले पढ़े-लिखे थे, क्या वे 18 महीने में एकदम अनपढ़ गए? बोलते समय बातों में थोड़ा तर्क होना चाहिए। इसमें तर्क नहीं है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : खडगे जी, आप बोल चुके हैं। Every now and then नहीं होता है।

...(व्यवधान)

SHRI M. VENKAIAH NAIDU : Madam, the hon. President, in his Address to the Members of Parliament has given a detailed account of the efforts of his Government over the last 21 months before urging all of us not to derail the momentum that has been generated. ...(*Interruptions*) A new momentum has been generated in the country. A lot of hope has been generated; new aspirations are coming; the country is moving forward; and everybody is looking forward. We should not try to derail that momentum; nobody should obstruct the functioning of the Parliament; and we should not obstruct the Bills for the sake of obstructing because it does not suit us politically. This should not be the thinking because much water has flown as 68 years are over.

Hence, the hon. President's Address was an elaborate statement of intentions of this Government, initiatives taken and intensity with which this Government is moving forward in order to live up to its commitments to the people in pursuit of the mandate it has got from the people. The people of India have given a mandate to the Prime Minister. If every section was very happy – food security was applauded by everybody, Scheduled Caste welfare has been taken care of, women welfare has been take care of, but they have not taken care of the Party, which has taken care of them.

कह रहे हैं कि सब कुछ हो गया है और दुनिया भर में सब लोग खुश हैं, लेकिन देशवासी खुश क्यों नहीं हैं? इस स्थिति में क्यों पहुंच गए? हर एक को आत्मचिंतन करना चाहिए कि उस स्थिति से इस स्थिति में क्यों आ गए, इसके बारे में गम्भीरता से सोचना चाहिए।

What is NITI Aayog and what has it got to do with 'Transformation of India'? I have been telling and I want to repeat it again, Madam, for the sake of the country that 'NITI' stands for "National Institute for Transformation of India'. भारत की सर्वांगीण उन्नति, in every region, for every section of the people, there has to be progress. That is the aim of this Government, and this Government is moving in that direction.

India's reputation is going up not only within the country, but also in the entire world. अमरीका के प्रेसीडेन्ट से भी बात की तो वह भी मजाक का विषय बन गया। America is a friendly country. What is wrong in talking to the American President, I am not able to understand. If at all F-16 issue has to be discussed, it will be discussed; there is nothing wrong in it. The Leader of the Congress Party can give suggestions. Did the Congress President not speak to the American President earlier or never used to be friendly with the American President? Why should we bring in even diplomatic and international relations into the debate just for scoring points over each other? I do not think it is correct.

